## नवंबर-मासिक परीक्षा 2010
## विषय-हिन्दी, कक्षा- नौवीं

**समय- 40 मिनट** **अंक-20**

**प्र 1 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर एक-दो वाक्यों में लिखें:-** (4)

1 साम्प्रदायिक भेदभावना की तुलना कवि ने किससे की है?

2 दूसरों के प्रति हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए?

3 'रूठे दिवस' का क्या अर्थ है?

4 'आँसू नीलाम होना' से क्या भाव है?

5 अकाल पुरूष का फरमान क्या था?

6 धर्म-अधर्म के संघर्ष की रात का क्या अर्थ है?

**प्र 2 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखें।** (6)

1 गुरू जी ने पाँच सिंघों की किन विशेषताओं पर प्रकाश डाला है?

2 'जीवन नहीं मरा करता है' कविता में कवि ने क्या-क्या उदाहरण देकर हमारा हौसला बढ़ाया है।

3 एकता की भावना से क्या कुछ प्राप्त किया जा सकता है?

**प्र 3 लिंग परिवर्तन:-(कोई तीन)** (3)

हाथी, नौकर, मोर, सिंह, पंडित, बूढा

**प्र 4 वचन बदलो:-(कोई चार)** (2)

टोपी, गुड़िया, रानी, पाठक, माता, गुरू

**प्र 5 विराम चिह्न लगाओ।** (3)

1 मैं छोटा था वे बड़े थे

2 हँसो गाओ और खुश रहो

3 ओ बेटे शरारतें न करो।

**प्र 6 निम्नलिखित वाक्यों में से कारक पहचान कर उसकी किस्म लिखें।** (2)

1 हाँ, पिताजी घर पर ही हैं।

2 भिखारी को आटा दे दो।